तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 24 नवंबर 2024

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़



12 सोसायटी अध्यक्षों ने पार्टी नेताओं का जताया आभार





13 अन्य जिलों में पंजीकृत वाहनों की फिटनेस जांच बालोद...









## खबर संक्षेप



### प्राधिकृत अधिकारी रूपसिंह ने ग्रहण किया पदभार

**जामगांव आर।** सेवा सहकारी समिति बेल्हारी के नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी रूपसिंह सिन्हा ने शनिवार को पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि दक्षिण पाटन मंडल भाजपा अध्यक्ष लालेश्वर साहू थे। उन्होंने अध्यक्ष श्री सिन्हा को प्रमाण पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक भूषणलाल ने किया। समारोह में मनीष चंद्राकर, नेतराम निषाद, योगेश्वर चंद्राकर, नारद साहू, रोमलाल साहू, रामसिंग बंसोड़, अमित अग्रवाल, गौतम प्रसाद शुक्ला, संतोष मार्कण्डेय सहित किसान एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### परसदा में कामता प्रसाद का रामायण कार्यक्रम कल

**अंडा।** प्रदेश के विख्यात रामायण मंडली जय गुरुदेव संकीर्तन मानस



परिवार कुड़ेरादादर गरियाबंद के कामता प्रसाद का रामायण का कार्यक्रम ग्राम परसदा (डंग) में 25 नवंबर को रखा गया है। कार्यक्रम का आयोजन दुष्यंत हिरवानी, योगेश व सृजन हिरवानी द्वारा किया जा रहा है।

### करहीभदर में कबड्डी प्रतियोगिता 30 को

**बालोद।** ग्राम करहीभदर में स्पोर्ट्स क्लब कबड्डी द्वारा एक दिवसीय डे नाईट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 30 नवंबर को किया गया है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 10000 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 7000 रूपये, तृतीय पुरस्कार 5000 रूपये, चतुर्थ पुरस्कार 3000 रूपये रखा गया है। विशेष पुरस्कार के तहत बेस्ट कैचर को 251 रूपये, बेस्ट रेडर को 251 रूपये, बेस्ट ऑलराउडर को 251 रूपये, बेस्ट ब्लाकर को 251 रूपये व टी-शर्ट प्रदान किया जाएगा।

### वृद्धजनों के लिए बन रहा आयुष्मान कार्ड

**भिलाई।** केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं में से एक महत्वपूर्ण योजना आयुष्मान कार्ड सभी परिवार के लिए बन रहा है। 70 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धजनों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है।

निर्देश : जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में सांसद ने दिए निर्देश

# नागरिकों को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर दिलाने करें ठोस उपाय : भोजराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

सांसद भोजराज नाग की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति के अध्यक्ष सांसद भोजराज नाग ने जिले में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी-कर्मचारियों को आपसी समन्वय एवं सहभागिता से जनहित में बेहतर कार्य करने की अपील की।

सांसद श्री नाग ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने को कहा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका समुचित लाभ मिल सके। उन्होंने शासकीय कार्यों में गुणवत्ता को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए जिले में संचालित सभी कार्यों में शत-प्रतिशत गुणवत्ता सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सांसद नाग ने कहा कि राज्य व केंद्र सरकार के द्वारा आम जनता के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने जिले के अधिकारियों को आम जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर दिलाने के लिए पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने को कहा।

**जनप्रतिनिधियों ने दिए सुझाव, जताई उम्मीद-** विधायक कुंवर सिंह निषाद ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को जिले में शासन की योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए जनप्रतिनिधियों का सहयोग करने को कहा। वहीं, विधायक संगीता सिन्हा ने आशा व्यक्त किया कि आज की बैठक के माध्यम से जिले में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को पूरा करने में गति मिलेगी। सोनादेवी देशलहरा ने भी जिले में शासन के जनकल्याणकारी ⏭ शेष पेज 12 पर




### बदलता बालोद पुस्तक का विमोचन

इस अवसर पर अतिथियों ने बालोद जिले के विकास कार्यों को प्रदर्शित करने वाली पुस्तक प्रगति के मार्ग पर 'बदलता बालोद' का विमोचन किया। बैठक में गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, नगर पालिका बालोद के अध्यक्ष विकास चोपड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के खिलाफ होगी कार्रवाई

बैठक में सांसद नाग ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य, मनरेगा के आधारभूत जानकारी एवं जिले के प्रस्तावित लक्ष्य एवं उपलब्धि की जानकारी, प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजना, राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भधारण कार्यक्रम, प्रधानमंत्री महतारी वंदन योजना आदि के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिले के चिकित्सालयों एवं पोषण पुनर्वास केन्द्रों की स्थिति तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों के अंतर्गत जिले में नल जल योजना के कार्यों की प्रगति एवं वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। नाग ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्य पालन अभियंता को जल जीवन मिशन के कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के विरूद्ध कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। बैठक में सांसद नाग ने शिक्षा, कौशल विकास, राष्ट्रीय राजमार्ग, आदिवासी विकास विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, जिला योजना एवं सांख्यिकी, खेल, श्रम एवं लोक निर्माण विभाग सहित विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में जन कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित कर आम जनता को उनका समुचित लाभ सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

# परिवहन संघ के आंदोलन को सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों के नेताओं ने दिया समर्थन

**शनिवार को जिपं उपाध्यक्ष मिथलेश और भाजपा नेता सौरभ धरनास्थल पहुंचे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दल्लीराजहरा

■ आंदोलनकारियों ने 25 नवंबर को चक्काजाम की दी चेतावनी



राजहरा परिवहन संघ के तत्वावधान में अनिश्चितकालीन धरने का चौथा दिन विशेष रूप से सक्रिय और समर्थन से भरा रहा। धरना स्थल पर जिला पंचायत बालोद के उपाध्यक्ष मिथलेश निरोटी ने पहुंचकर संघ की पांच सूत्रीय मांगों का समर्थन किया और संघर्ष में साथ देने की बात कही। उन्होंने बीएसपी प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा कि माइंस में दोहन तो किया जा रहा है, लेकिन सुविधाएं नहीं दी जा रही हैं। रत्तीराम कोसमा (विधायक प्रतिनिधि) ने भी धरना स्थल पर पहुंचकर अपनी एकजुटता जाहिर की। श्री मोटवानी ने विशेष रूप से 25 नवंबर को आंदोलन में अपने साथियों के साथ भागीदारी का वादा किया। भाजपा नेता सौरभ लूनिया ने भी धरने का समर्थन किया और कहा कि वे इस मुद्दे को उच्च स्तर तक ले जाएंगे। उन्होंने राजहरा के विकास के लिए संघ के साथ खड़े रहने की बात कही। कैलाश छाजेड़, अध्यक्ष, अनाज किराना व्यापारी संघ, भी धरना स्थल पर उपस्थित रहे। धरना स्थल पर उपस्थित लोगों ने बीएसपी प्रबंधन और शासन-प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और 25 नवंबर को होने वाले चक्काजाम को लेकर चर्चा की। आंदोलनकारियों ने लौह अयस्क उत्पादन को बाधित करने के लिए रणनीति बनाई। इस अवसर पर राजहरा परिवहन संघ के प्रमुख पदाधिकारी और संरक्षक उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से इंद्रजीत सिंह तुली, नरेंद्र सिंह तुली, संदीप शाहा, जगजीत सिंह मरवाहा, अनिल सुथार, विजय प्रताप सिंह बग्गा, और सुरेश बाघमार शामिल थे। इनके साथ कार्यकारिणी के कई सदस्य और सैकड़ों लोग धरने में शामिल हुए। इस धरने ने राजहरा की पुरानी मांगों को एक बार फिर जोर-शोर से उठाया है और यह आंदोलन आने वाले दिनों में बड़ा स्वरूप ले सकता है।

### 15 साल की बालिका से दुष्कर्म, 20 साल की सजा

**भिलाई।** दुर्ग के विशेष कोर्ट ने 15 साल की बालिका से दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी युवक को 20 साल सश्रम कारावास की सजा दी है। साथ ही 5 हजार रुपए अर्थदंड भी देना होगा। मामले की पैरवी लोक अभियोजन संतोष कसार ने की। प्रकरण के मुताबिक आरोपी रजत सोनी अपने घर के पास रहने वाली 15 साल की बालिका के साथ जबर्दस्ती दुष्कर्म किया। प्रार्थी ने इसकी रिपोर्ट थाने में लिखाई। रिपोर्ट के मुताबिक आरोपी युवक का बालिका के घर आना-जाना इसलिए था कि आरोपी की बहन पीड़िता के पिता को राखी बांधती थी। 9 दिसंबर 2021 को आरोपी ने बालिका को दिन में बुलाया और डरा-धमकाकर दुष्कर्म किया। आरोपी ने डराया धमकाया कि वह उसे जब भी बुलाएगा आना पड़ेगा नहीं तो मुहल्ले में हल्ला कर देगा। दो बार और उसने संबंध बनाए तब पीड़िता ने जानकारी दी।


**पाठक सूचना**

बालोद जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100


# बिना उपयोग के ही जर्जर होने लगा सामुदायिक सुलभ शौचालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद/कलंगपुर



■ कलंगपुर के शौचालय में 6 साल बाद भी सुविधाएं नहीं दिला पाई पंचायत

गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम पंचायत कलंगपुर बस स्टैंड के समीप स्वच्छता के तहत सन् 2017-18 में सार्वजनिक सामुदायिक सुलभ शौचालय का निर्माण शासन साढ़े पांच लाख रुपए की राशि से हुआ है, लेकिन अब तक उसका कोई उपयोग नहीं हुआ है, क्योंकि साल में भी पंचायत वहां पानी की सुविधा उपलब्ध नहीं करा सकी है। वहीं, अब वह बिना उपयोग किए ही जर्जर होने लगा है।

शौचालय का निर्माण हुए 6 वर्ष से अधिक हो गया है, लेकिन वहां सुविधाओं के अभाव में ग्रामीणजन उसका उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। शौचालय के अंदर लगे दरवाजे टूटने लगे हैं। नल भी गायब हो रहे हैं। भवन भी खराब होने लगा है। शासन की राशि का दुरुपयोग स्पष्ट नजर आ रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों के ध्यान नहीं देने से पानी, लाइट एवं साफ-सफाई नहीं होने के कारण लोग इसका उपयोग करने से कतरा रहे हैं। एक ओर जहां सरकार स्वच्छता के नाम पर लाखों करोड़ों खर्च कर रही है, वहीं कलंगपुर में जनप्रतिनिधियों की लापरवाही के कारण शौचालय का उपयोग नहीं हो पा रहा है।




## खबर संक्षेप

### चाकू लेकर घूमते धरा गया बदमाश




**रायपुर।** गंज थाना क्षेत्र में रेलवे स्टेशन चौक के पास एक बदमाश को चाकू के साथ पकड़ा गया है। एसएसपी डॉ. संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर पुलिस द्वारा अड्डेबाजों के खिलाफ जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान सूचना मिली कि एक व्यक्ति अपने पास धारदार चाकू रखा है एवं एवं किसी को मारने की बात कह रहा है। सूचना पर थाना स्टाफ मौके पर पहुंचा और लोधीपारा निवासी हनुमान शर्मा उर्फ बजरंग शर्मा की जमा तलाशी लेने पर कमर में छिपाकर रखा एक धारदार चाकू मिला। चाकू रखने के संबंध में कोई वैध कागजात पेश नहीं किया। पुलिस ने उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### महानदी परियोजना के कार्यों के लिए 4.29 करोड़ स्वीकृत

**रायपुर।** राज्य शासन ने धमतरी जिले के विकासखंड कुरुद में महानदी मुख्य नहर के अंतर्गत 28.89 किलोमीटर पर क्रॉस रेग्युलेटर एवं सुरक्षात्मक निर्माण कार्यों को कराने चार करोड़ 29 लाख 5 हजार रुपए स्वीकृत किए है। योजना के इन कार्यों के पूर्ण हो जाने पर योजना की रूपांकित सिंचाई में 412 हेक्टेयर में सिंचाई सुविधा में और वृद्धि होगी। इससे क्षेत्रीय किसानों को फायदा होगा। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से मुख्य अभियंता महानदी परियोजना जल संसाधन विभाग रायपुर को परियोजना के स्वीकृत कार्यों को पूर्ण कराने प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

# पाइपलाइन बिछाने तोड़ीं वार्डों की सड़कें, सिर्फ मेन रोड बनवाने सर्वे और प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खारुन से बिरगांव जल आवर्धन योजना के तहत बिरगांव निगम ने सभी 40 वार्डों की सड़कों को तोड़ने के बाद पाइपलाइन बिछाने का काम किया गया। इससे लगभग सभी बस्तियों व कॉलोनियों की सड़कों का बुरा हाल है। इससे आने-जाने वाले लोगों को रोज दिक्कतों का भी सामना करना पड़ रहा है।

इन सड़कों को बनवाने के लिए अभी सर्वे भी नहीं हुआ है। दूसरी तरफ मेन रोड को चकाचक करने के लिए निगम के जिम्मेदारों ने सर्वे करने के बाद इनका डामरीकरण कराने के लिए करीब 4 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा है। बिरगांव निगम सीमा में शामिल 6 गांव के 40 वार्डों में इन दिनों सड़कों का बुरा हाल है। इसे बनवाने के लिए जिम्मेदारों ने अभी सर्वे भी शुरू नहीं किया है। सूत्रों ने बताया कि इसका दिसंबर के बाद सर्वे होगा। ऐसा इसलिए किया जा रहा है, क्योंकि कई वार्डों में अभी सर्विस रोड से जुड़ी बस्तियों में पाइपलाइन का काम बचा है। इसे पूरा करने के बाद वार्डों के लिए सर्वे किया जाएगा। इसके लिए भी वार्ड पार्षदों ने प्रस्ताव दिया है। वहीं दूसरी तरफ इन्हीं प्रस्तावों में शामिल मेन रोड के डामरीकरण को पहली प्रायर्टी में रखते हुए उसे बनाने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा है। फंड मिलने में विलंब की वजह से बाजार वाले मुख्य मार्ग भी अव्यवस्था का शिकार है। इनमें सबसे ज्यादा खराब स्थिति रावांभाठा, उरला चौक से फिल्टर प्लांट, अछोली से बाजार चौक रूट के साथ ही उरला से सरोरा मुख्य मार्ग प्राथमिकता में है।

**बिरगांव निगम का मुख्य मार्गों को चमकाने पर फोकस, वार्डों की नहीं ली सुध**




**बजट मिलने पर करवाएंगे निर्माण**

अभी वार्डों में पाइप लाइन का काम बचा है, इसे देखते हुए मुख्य मार्गों का प्रस्ताव भेजा है। बजट मिलने के बाद निर्माण करवाएंगे। इसके अलावा पार्षदों से मिले प्रस्ताव को भी एमआईसी से मंजूरी दी गई है, सर्वे के बाद वार्डों की सड़कों का भी निर्माण करवाने प्रक्रिया करेंगे।

- **नंदलाल देवांगन,** महापौर, नगर निगम, बिरगांव

### शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की व्यवस्था पर किसानों ने जताई प्रसन्नता

# टोकन कटाया, निर्धारित तिथि पर धान बेचा और 3 दिन में खाते में आ गई रकम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राज्य शासन की मंशानुरूप बालोद जिला प्रशासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना के अंतर्गत धान खरीदी केन्द्रों में सभी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई हैं। इस व्यवस्था की जिले के कृषकों ने सराहना की है।

इसके अंतर्गत जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम पाररास धान खरीदी केन्द्र में आसानी से धान खरीदी करने की व्यवस्था के अलावा किसानों के लिए बैठक, पेयजल, शौचालय की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरा, बायोमेट्रिक मशीन, इलेक्ट्रॉनिक तराजू आदि सभी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

इस योजना के फलस्वरूप जिले के पाररास धान खरीदी केन्द्र में धान बेचने वाली दो महिला कृषक चंद्रिका बाई एवं मीना बाई के खातों में धान खरीदी के 72 घण्टे में 3 लाख से अधिक की राशि जमा हुई। ग्राम रेवती नवागांव की महिला कृषक चंद्रिका बाई ने बताया कि उन्होंने धान बिक्री के लिए टोकन कटवाने के बाद निर्धारित तिथि 20 नवंबर को पाररास पहुँचकर कुल 160 क्विंटल धान बेचा। केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं के कारण उन्हें कोई कठिनाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि उनके लिए सबसे बड़ी खुशी की बात यह रही कि धान बेचने के 72 घण्टे बाद उनके खाते में 3 लाख 70 हजार 760 रुपए आ गए।



**पाररास धान खरीदी केन्द्र में धान बेचने वाली महिला कृषकों ने बताए अनुभव**

इसी तरह पाररास निवासी महिला कृषक मीना बाई ने बताया कि अपने धान की बिक्री के 72 घण्टा के बाद उनके खाते में साढ़े 3 लाख से भी अधिक की राशि जमा हो गई। यह उनके लिए सपने जैसा था। मीना बाई ने बताया कि उन्होंने टोकन कटवाने के बाद निर्धारित तिथि 19 नवंबर को पाररास धान खरीदी केन्द्र में पहुँचकर कुल 132 क्विंटल पतला धान बेचा। उसके मात्र 72 घण्टे के बाद ही उनके खाते में 3 लाख 266 रुपए राशि जमा हो गई। दोनों महिला कृषकों ने 3100 रूपए में धान खरीदी और उसके लिए बेहतर व्यवस्था करने तथा धान बेचने के बाद बहुत शीघ्र राशि भुगतान के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# बंशीलाल भारद्वाज गौरव तिहार में प्रतिभाओं का होगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- तैयारियों को लेकर हुई आयोजन समिति की बैठक

बंशीलाल भारद्वाज शासकीय हाईस्कूल के संस्थापक बंशीलाल भारद्वाज की पुण्यतिथि 29 नवंबर पर प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी गौरव तिहार मनाया जाएगा। इसके साथ ही यहां का वार्षिकोत्सव का भी आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में विद्यालय के प्रतिभावान छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही शिक्षा, समाजसेवा, कला, साहित्य एवं आध्यात्म के साथ क्षेत्र के विकास में बहुमुल्य योगदान देने वाले महान हस्तियों को 'बंशीलाल भारद्वाज गौरव अलंकरण' व 'बंशीलाल भारद्वाज गौरव सम्मान' भी प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बंशीलाल भारद्वाज गौरव तिहार के प्रदेश संयोजक डॉ. साधुराम भारद्वाज व गौरव तिहार के अध्यक्ष ईश्वरलाल साहू की उपस्थिति में बंशीलाल भारद्वाज शासकीय हाईस्कूल में बैठक रखी गई। बैठक में क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधि, शाला विकास समिति के पदाधिकारी व स्कूल के प्राचार्य राजेश कुमार पिस्दा, प्रधान पाठक आरआर ठाकुर, ग्राम पंचायत खेरथाडीह सरपंच चित्रेखा साहू, राजेश्वरी कोमरे, अध्यक्ष शाला विकास समिति छगनलाल बुन्देले, रोमलाल यादव, हरि साटिया सहित अनेक शिक्षक उपस्थित थे। बैठक में तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक के दौरान बताया गया कि बंशीलाल भारद्वाज के योगदान को चिरस्थायी बनाने के लिए 'बंशीलाल भारद्वाज गौरव साहित्य एवं 'हमर गाँव अर्जुनी' नामक स्मारिका भी प्रकाशित हो चुकी है। कार्यक्रम की शुरुआत जिला मुख्यालय बालोद में निर्मित 'बंशीलाल भारद्वाज बस स्थानक' के पास उनके फोटो पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर करते हैं। उसके बाद ग्राम दैहान, तरौद, खेरथाडीह होते हुए परमानंदधाम अमलीडीह परिसर तक 'बंशीलाल भारद्वाज गौरव यात्रा' निकाली जाती है। इस वर्ष कार्यक्रम का 11वां वर्ष है। इसके पूर्व भी एक आयोजन बंशीलाल भारद्वाज के गृहग्राम अर्जुनी, गुरूर में भी वर्श 2022 में किया जा चुका है। विधायक संगीता सिन्हा व वैशाली नगर, भिलाई के विधायक रिकेश सेन कार्यक्रम में शामिल होने अपनी सहमति प्रदान कर चुके हैं। समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष पवन साहू व ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस चंद्रेश हिरवानी, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बालोद राकेश यादव, कमलेश श्रीवास्तव, प्रांताध्यक्ष श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान छ.ग जगदीश देशमुख, पूर्व सदस्य छ.ग. खादी एवं ग्रामोद्योग भूपेन्द्र सेन, प्रांताध्यक्ष छ.ग. झेरिया सेन समाज लक्ष्मीनारायण सेन समारोह में उपस्थित उपस्थित रहेंगे।



**इन्हें मिलेगा सम्मान**

इस वर्ष क्षेत्र के समर्पित समाजसेवी पूर्व सरपंच, पूर्व जनपद सदस्य मृत्युंजय यादव ग्राम तरौद को 'मरणोपरांत' 'बंशीलाल भारद्वाज गौरव अलंकरण 2024' प्रदान किया जायेगा। इसी तरह ग्राम खपरी (मालीघोरी) निवासी छात्र भास्कर साहू को मॉडलिंग के क्षेत्र में मिस्टर आइडल ऑफ छ.ग. सीजन 2 का खिताब मिलने पर उन्हें 'बंशीलाल भारद्वाज गौरव सम्मान 2024' प्रदान किया जायेगा।

**बालोद थाना क्षेत्र के ग्राम हीरापुर में 4 नवंबर को जगदीश ने कर ली थी आत्महत्या**

# शिकायत के बाद भी पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई, मृतक की मां ने लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाले युवक की माँ ने गांव के लड़कों पर मारपीट करने व पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करने का बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि घटना के एक दिन पहले 15–20 लड़कों ने उसके बेटे की बेदम पिटाई की थी। मिली जानकारी के अनुसार बालोद थाना क्षेत्र के ग्राम हीरापुर में 4 नवंबर को जगदीश साहू ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतक के चेहरे पर मारपीट के निशान थे। इस मामले में मृतक के परिजनों ने 11 नवंबर को कोतवाली थाने में रिपोर्ट लिखवाकर युवकों द्वारा मारपीट करने का आरोप लगाते हुए जांच व कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन 10 दिन बाद भी किसी तरह की कार्रवाई नहीं हुई है।

**क्या है पूरा मामला**

बताया जा रहा है कि ग्राम हीरापुर में 3 नवंबर की रात सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहा था, जहां जगदीश साहू 24 वर्ष भी पहुंचा था। बताया जा रहा है कि प्रेम प्रसंग के कारण गांव के 15-20 लड़कों ने जगदीश साहू की बेदम पिटाई कर दी। उसके बाद जगदीश ने दूसरे दिन सुबह अपने माता पिता के काम पर जाने के बाद अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

**सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना, लेकिन फुटेज डिलीट-** मृतक के परिजनों व पड़ोसियों ने बताया कि जगदीश साहू के साथ 3 नवंबर की देर रात गाँव के लड़कों ने मारपीट की। रात की घटना गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसे कुछ ग्रामीणों ने 6–7 नवंबर तक फुटेज में देखा है। लेकिन, जैसे ही मृतक के परिजनों ने 11 नवंबर को इस मामले की पुलिस को शिकायत की, उसके बाद से मारपीट का फुटेज डिलीट हो गया है। मृतक के परिजनों का आरोप है कि इस पूरे मामले को दबाने के लिए सीसीटीवी फुटेज के साथ छेड़छाड़ कर उसे डिलीट कर दिया। उन्होंने सवाल उठाया कि वीडियो फुटेज को डिलीट करने वाले आखिर कौन हैं, इसकी जांच कर उन पर भी कड़ी कार्रवाई की जाए।

### जांच पूरी होने पर होगी कार्रवाई

इस मामले में जांच जारी है। जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई करेंगे।

**-रविशंकर पांडेय,** थाना प्रभारी।

**ग्राम डंगनिया में जारी है सात दिवसीय विशेष शिविर**

# एनएसएस के स्वयंसेवकों ने निकाली नशामुक्ति रैली और की साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम डंगनिया में माता कर्मा महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर में प्रतिदिन विविध कार्य किए जा रहे हैं। इसके तहत साहित्यिक परिचर्चा में साहित्यकारों ने शिविर के चतुर्थ दिन मेरा युवा भारत की थीम को लेकर चर्चा की। इसी तरह परियोजना कार्य में तालाब सौंदर्यीकरण, ग्राम पंचायत की साफ सफाई, नशा मुक्त रैली निकाली गई। बौद्धिक परिचर्चा सत्र में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सीताराम स्याम, राज्यपाल पुरस्कृत भुवन सिन्हा और दुर्ग विश्वविद्यालय कार्यक्रम समन्वयक डॉ.जैनेन्द्र दिवान, भुनेश्वर साहू शामिल हुए। साहित्यकार सीता राम स्याम ने छात्रों का हौसला बढ़ाते हुए, चरित, संस्कृत, स्वस्थ रहने का संदेश दिया। भुवन सिन्हा ने विभिन्न बीमारियों का इलाज घरेलू विधि से दवाई बनाकर प्रयोग करना सिखाया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ.जैनेंद्र दीवान ने छात्रों के व्यवक्तित्व विकास तथा डॉ लीना साहू जिला संगठक बालोद ने मेरा युवा माय भारत के लिए विषय पर चर्चा की। रात्रि में छात्रों ने शिक्षाप्रद नाटक का मंचन किया। इस अवसर पर सरपंच टिकेश्वर साहू ग्राम परसदा के सरपंच कुलदीप साहू सहित समस्त पंच उपस्थित रहे।






**पेज 11 का शेष...**

### नागरिकों को शासन...

योजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूरा करने के लिए आवश्यक सुझाव दिए। कलेक्टर चन्द्रवाल ने कहा कि इस बैठक में जन प्रतिनिधियों से मिले महत्वपूर्ण सुझाव के अनुरूप जिले में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का निर्धारित समायावधि में सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में विभाग प्रमुखों के द्वारा अपने–अपने विभागों के कार्यों की प्रगति, संचालित योजनाओं, निर्धारित लक्ष्य एवं उपलब्धि की जानकारी दी गई।




# सोसायटी अध्यक्षों ने पार्टी नेताओं का जताया आभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

भारतीय जनता पार्टी दक्षिण पाटन मंडल के 11 सोसायटियों में भाजपा नेताओं को सोसायटी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त सोसायटी अध्यक्षों ने शुक्रवार को सांसद विजय बघेल और भाजपा दुर्ग जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा के निवास पहुंचकर आभार व्यक्त किया। इसी तरह नवनियुक्त सोसायटी अध्यक्षों ने शनिवार को भाजपा दक्षिण पाटन मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू के निवास पहुंचकर आभार व्यक्त जताया। इस दौरान सोसायटी अध्यक्ष कमलेश साहू, भगवान चंद्राकर, राजेश बंछोर, नारद साहू, रूपसिंह सिन्हा, संजय चंद्राकर, दानीराम वर्मा, बेनीराम साहू, योगेश्वर साहू इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने कहा कि भाजपा आम जनता की प्रतिनिधि है। इसलिए जनता की भरपूर सेवा करें। इस दौरान किसान मोर्चा भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू ने कहा कि अनुभवी भाजपा नेता व किसान पुत्र सोसायटी अध्यक्ष बने हैं, इनका किसानों को भरपूर लाभ मिलेगा। भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू व सहकारिता प्रकोष्ठ जिला सदस्य भगवान चंद्राकरने कहा कि किसी भी किसान को कोई समस्या हो, तो वे नव नियुक्त सोसायटी अध्यक्षों को बताएं, समस्या का समाधान किया जाएगा।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप



## एनएचएम संघ ने कर्मचारियों की समस्याओं पर किया मंथन

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश एन.एच.एम. कर्मचारी संघ (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन) की जिला स्तरीय प्रथम बैठक दुर्ग जिलाध्यक्ष डॉ. आलोक शर्मा की अध्यक्षता में जिला अस्पताल के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में संगठन का विस्तार, कर्मचारियों की विभिन्न समस्या, सदस्यता अभियान,जिलास्तरीय कर्मचारी सम्मेलन आदि के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में ब्लाक निकुम, धमधा, पाटन एवं दुर्ग-भिलाई शहरी के प्रमुख पदाधिकारीगण विशेष रूप से भीषम साहू, राजेन्द्र वर्मा, लक्की दुबे, शेखर ताम्रकार, दिव्या लाल, चन्द्रहास धनकर, हिमांशु चन्द्राकर, कांति ठाकुर, अंकिता ठाकुर, डॉ. सूर्यकांत दिल्लीवार, डॉ. दीपिका वर्मा, डॉ. अभिषेक साहू, डॉ. लेमिका साहू, सपना शर्मा, मोहम्मद फारूक, योगेश कुमार गहिरवार, सत्येन्द्र कुमार, शशांक श्यामकुंवर, इन्द्रजीत भारती, पप्पू चतुर्वेदी, हरविंद जोशी, दीपक वंजारे, शुभम शर्मा, अविनाश शर्मा सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम : हायर सेकंडरी स्कूल डुंडेरा में हुआ करियर गाइडेंस कार्यक्रम

# स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में जाने के लिए 11वीं में चुनें विज्ञान, नीट जैसी परीक्षाओं में हों शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

रोल मॉडल इंटरेक्शन प्रोग्राम (प्रोजेक्ट संगवारी) के माध्यम से स्वास्थ्य के क्षेत्र में स्टूडेंट्स को करियर के अवसर के प्रति अवगत कराया गया। प्रोजेक्ट संगवारी (साथी) के तहत हायर सेकेंडरी स्कूल डुंडेरा में करियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को उनके भविष्य की योजना और करियर चयन में मार्गदर्शन प्रदान करना था, ताकि वे अपनी रुचि और क्षमताओं के अनुसार सही दिशा में आगे बढ़ सकें।

कार्यक्रम में मुख्य मुख्य वक्ता के रूप में डुंडेरा जन आरोग्य मंदिर के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी ओरिहन्त साहू और ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक भूपेंद्र पटेल उपस्थित रहे। वक्ताओं ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में भविष्य के अवसर को अपने वास्तविक अनुभवों को बच्चों के साथ साझा किया। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में जाने के लिए कक्षा 11 वीं से ही साइंस विषय का चयन करना चाहिए। वहीं, 12 वी के दौरान प्री नर्सिंग टेस्ट और नीट जैसे एग्जाम देकर इस क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने छात्रों को मेहनत और लगन को प्राथमिकता देने की सलाह दी और उन्हें उनकी रुचि के अनुसार करियर चुनने के लिए प्रोत्साहित किया। रोल मॉडल द्वारा बच्चों के प्रश्नों का उत्तर देकर, इस क्षेत्र में उनको स्पष्टता प्रदान की गई। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष जुगुनू ठाकुर, नोडल अधिकारी एमके. देवांगन, और शाला परिवार से शिक्षकगण टीके. ठाकुर, मनोज देवांगन, सीएल. ठाकुर, पूनम देशमुख, साहिना अंजू, योगिता साहू, वायके. देशमुख, दीपक जोशी एवं डी.एस. ठाकुर ने कार्यक्रम में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। चेतन यादव ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया।

■ रोल मॉडल इंटरेक्शन प्रोग्राम (प्रोजेक्ट संगवारी) के माध्यम से विद्यार्थियों को किया गया प्रेरित



### विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाने में सहायक

व्याख्याता साहिना अंजुम ने मुख्य अतिथियों और कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रोजेक्ट संगवारी (साथी) की सराहना करते हुए पीरामल फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि हायर सेकेंडरी स्कूल डुंडेरा और पीरामल फाउंडेशन द्वारा यह चौथा रोल मॉडल इंटरेक्शन सेशन था इस दिशा में प्रयास निरंतर जारी रहेगा, ताकि छात्रों को रोल मॉडल के वास्तविक जीवन से प्रेरित होकर अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर आत्मविश्वास से बढ़ सकें।

## अन्य जिलों में पंजीकृत वाहनों की फिटनेस जांच बालोद में ही हो

बालोद परिवहन संघ ने मांगों को लेकर सांसद भोजराज को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला आरटीओ कार्यालय में अन्य जिलों में पंजीकृत वाहनों की फिटनेस जांच पुनः शुरू करने की मांग बालोद परिवहन संघ द्वारा की गई है। कांकेर लोकसभा के सांसद भोजराज नाग को बालोद परिवहन संघ ने अपनी विभिन्न मांग की एक मांग पत्र सौपा। ज्ञापन में परिवहन संघ द्वारा मांग की गई है कि बालोद जिला में स्थापित आरटीओ कार्यालय में सभी जिले के पंजीकृत वाहनों की फिटनेस जांच पुनः प्रारंभ की जाए, जिससे दूसरे जिले में आश्रित रहने की जरूरत न पड़े। उन्होंने बताया कि पहले बालोद में अन्य जिलों में पंजीकृत वाहनों के फिटनेस की जांच होती थी, परंतु अभी यहाँ पर बंद कर दिया गया है। इससे जिले के ऐसे वाहन मालिकों, जिनके वाहन अन्य जिलों में पंजीकृत हैं, उन्हें अनावश्यक डीजल खर्च व समय की बर्बादी हो रही है। परिवहन संघ ने मांग की है कि बालोद जिले में गीधाली आयरन प्लांट से परिवहन कार्य में प्रतिदिन बालोद परिवहन संघ की कुछ गाड़ियों को कार्य दिया जाए। ट्रांसपोर्ट नगर में बाउंड्री वाल निर्माण करवाने की भी मांग की गई। परिवहन संघ ने बताया कि यहाँ पर शाम होते ही शराब सेवन करने वालों का जमावाड़ा शुरू हो जाता है व खड़ी गाड़ियों से रस्सा, तिरपाल, टूल, जेक की चोरी हो रही है। शराबी गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। बाउंड्रीवॉल एवं समुचित प्रकाश व्यवस्था करवाने की मांग परिवहन संघ ने की है। बालोद रेक पाइंट में दूसरे साइड में रेक पाइंट चालू करने की मांग भी की गई है।

## राजनीति में धर्म होना चाहिए, धर्म में राजनीति नहीं : राजीव नयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा



■ भाटागांव (बी) में श्रीमद् भागवत कथा जारी

श्रीमद् भागवत के चतुर्थ दिन भाटागांव (बी) में राजीव नयन महाराज ने कहा सनातन धर्म में ही राम और कृष्ण का अवतार हुआ है। विश्व में अन्य धर्म तेजी से प्रचार कर रहे हैं। वहीं सनातन धर्म काफी पीछे है। सनातन धर्म शाश्वत है, सृष्टि पहले मध्य और अंत तक रहेगी, समस्त धर्म ग्रंथों की जड़ है, गीता और सभी धर्मों के सनातन पिता तुल्य है।

महाराज श्री ने आगे कहा कि किसी भी परिस्थिति में हमें सत्य का साथ नहीं छोड़ना चाहिए, क्योंकि सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन परास्त नहीं हो सकता। उन्होंने आगे भक्ति के विषय में बोले कि भक्ति का पात्र हमेशा विशाल होना चाहिए, क्योंकि प्रभु की कृपा सब पर समान बरसती है, अगर कमी होती है तो भक्तों की पात्रता की होती है।

उन्होंने कहा कि राजनीति में धर्म होना चाहिए, परंतु धर्म में राजनीति नहीं होनी चाहिए। पहले राजा महराजा प्रजा के हित के लिए राज्य कार्य के उचित संचालन के लिए सलाह मशवरा के लिए गुरू आश्रम जाया करते थे और उनकी सलाह से राज्य संचालन करते थे, इसीलिए राजनीति में धर्म हो तो उचित ढंग से शासन किया जा सकता है, कथा के चतुर्थ दिवस गजेन्द्र मोक्ष, प्रहलाद चरित्र, बावन अवतार, रामावतार व श्री कृष्ण जन्मकथा का मार्मिक प्रसंग सुनाया।

## 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ 21 दिसंबर से, दीप यज्ञ से दी जा रही जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में जिला स्तरीय राष्ट्रीय जागरण 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ धनगांव रोड डौंडीलोहारा में 21 से 24 दिसंबर 2024 के प्रचार प्रसार के लिए विकासखंड डौंडीलोहारा के विभिन्न गांव में दीप यज्ञ के माध्यम से गायत्री एवं यज्ञ का महत्व, गायत्री का तत्वदर्शन, दान का महत्व, व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण, समाज निर्माण के बारे में लोगों को जानकारी दी जा रही है। इससे गायत्री परिवार का लक्ष्य मनुष्य में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग का अवतरण को पूरा किया जा सके। गायत्री परिवार के कार्यकर्ता वीरेंद्र कुमार ने बताया कि इसके लिए अब तक परिजनों कार्यकर्ताओं के माध्यम से जोगीभाट, मुड़खुसरा, भीमकन्हार, कोटेरा, भंवरमरा, जुन्नापानी, किल्लेकोड़ा, खोलझर, गेंजी, सहगांव, संबलपुर, लोहारा, भीमाटोला, खपराभाट रानीतराई, सिंगारपुर, सुरेगांव आदि गांवों में दीप यज्ञ किया जा चुका है। सभी हीरक मंडल के सदस्य अपने-अपने हीरक मंडल में दीप यज्ञ के माध्यम से प्रचार प्रसार, जनजागरण के कार्य में जुटे हुए हैं।

## नाड़ी विशेषज्ञ पुरुषोत्तम सिंह को मिला पंचगव्य कैंसर विशेषज्ञ प्रमाण पत्र




**बालोद।** 12 वां पंचगव्य चिकित्सा महासम्मेलन वृंदावन फोगला आश्रम के दूसरे दिन बालोद (बेलमांड) निवासी नाड़ी विशेषज्ञ पुरुषोत्तम सिंह राजपूत को पंचगव्य (आयुर्वेद) कैंसर विशेषज्ञ प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि ज्योति फुले विश्वविद्यालय जयपुर के कुलपति थे, अध्यक्षता मुंबई हाइकोर्ट के एडवोकेट राजु गुप्ता ने की। गौरतलब है कि पुरुषोत्तम सिंह राजपूत ने पंचगव्य चिकित्सा प्रणाली में गव्य सिद्ध चिकित्सा के विषय पर भी लगातार पढ़ाई पूर्ण कर अपने बेटे मनीष दास मानिकपुरी और बेटी टेमीन तीनों को गव्य सिद्ध चिकित्सक का प्रमाण पत्र कोर्स पूरा करवाया है। गौ माता के पंचगव्य आधारित आयुर्वेद के औषधियों का निर्माण भी स्वयं करते हैं। इस औषधि निर्माण कार्य में राजपूत के पालित पुत्र गव्य सिद्ध मनीष दास मानिकपुरी और पुत्री गव्य सिद्ध टेमीन के साथ नवोदित प्रशिक्षु पंचगव्य गव्य सिद्ध देवकी साहू, प्रमोद साहू, केकती साहू, मौसमी साहू, दिव्या साहू, फलेश्वर साहू,नेहा उर्वसा, सुरेखा साहू भी सेवारत हैं। पुरुषोत्तम सिंह राजपूत को कैंसर विशेषज्ञ पंचगव्य चिकित्सक प्रमाण पत्र प्राप्त होन पर आयुर्वेद चिकित्सक डॉ राजेश झारिया, होम्यो चिकित्सक डॉ प्रशांत झा सहित बालोद धीरज उपाध्याय, क्रियायोग आचार्य अ चौकी गोपाल वर्मा, जिला राज मानस संघ धमतरी अर्जुनपुरी गोस्वामी, लोकेश्वर यादव कांकेर, सागर दास मानिकपुरी, लादू सिंह मोकावत, पुस्कर सिंह राजपूत ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।



## खबर संक्षेप



### सीएमओ पीतांबर स्थानांतरित, हॉकी संघ के पदाधिकारियों ने दी विदाई

**बालोद।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीतांबर यादव के धरसीवां जनपद स्थानांतरण होने पर जिला हॉकी संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने उन्हें उपहार भेंटकर हाकी के विकास के लिए उनके सहयोग के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। जिला हॉकी संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि बालोद के जनपद पंचायत बालोद मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीतांबर कुमार यादव के हॉकी संघ को मिल रहे निरंतर सहयोग से जनपद क्षेत्र के अंतर्गत सैकड़ों बच्चों का हॉकी खेल के प्रति रुझान बढ़ा एवं बच्चों ने राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करते हुए कई कीर्तिमान स्थापित किए। इस अवसर पर हॉकी संघ के अध्यक्ष तोमन साहू, कोच एवं सचिव तोरण सिन्हा, संरक्षक राजेश घोड़ेसवार, रुपेन्द्र सिन्हा, संगीता तिवारी, सुरेंद्र सिन्हा, अनुपमा चौबे, रामकुमार सिन्हा, रघुनंदन गगबोइर, शैलेन्द्र सोनवानी उपस्थित थे। अगले कार्य क्षेत्र पर भी इसी तरह खेल के प्रति सहयोग करने का आग्रह किया।

### बैगलेस डे पर मनाया गया एनसीसी दिवस



**डौण्डीलोहारा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मड़ियाकट्टा में बैगलेस डे के अवसर पर एनसीसी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर चित्रकला, निबंध लेखन, कविता, कहानी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राज्यपाल पुरस्कृत प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने बच्चों को एनसीसी दिवस के उद्देश्य महत्व के बारे में बताया। एनसीसी का आदर्श वाक्य एकता और अनुशासन, छात्रों में कर्तव्य के प्रति समर्पण, अनुशासन और आत्म बलिदान की अवधारणा का विचार पैदा करता है। वर्ष 1948 में स्थापित दुनिया का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन राष्ट्रीय कैडेट कोर एनसीसी 26 नवंबर 2024 को अपनी 76वीं वर्षगांठ मनाएगा, जो अनुशासन नेतृत्व और अटूट देशभक्ति जैसे मूल सिद्धांतों के साथ युवाओं को प्रशिक्षित करने में एक महत्वपूर्ण अध्याय के प्रतीक को दर्शाता है। इस अवसर शिक्षक परसराम साहू, दीनदयाल अटल, सुनील कुमार अलेन्द्र, नारदराम भुआर्य, भूमिका मोवाड़े उपस्थित रहे।

### सांसद ने पत्नी व कार्यकर्ताओं के साथ देखी 'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म

**भिलाई।** सांसद विजय बघेल अपने पत्नी रजनी बघेल तथा सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ 'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म देखने चंद्रा मोर्या सिनेमाहाल पहुंचे। इस फिल्म में 22 साल पहले गुजरात के गोधरा में हुए ट्रेन हादसे की कहानी की सच्चाई को दिखाने की कोशिश की गई है। श्री बघेल ने इस फिल्म की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह फिल्म इतिहास के भयावह सत्य को उजागर करने का सराहनीय प्रयास किया गया है। हमारी प्रदेश की भाजपा सरकार इस फिल्म को राज्य में टैक्स फ्री किया है।

### अम्बेडकर ग्रंथालय व प्रतिमा सौन्दर्यीकरण कार्य प्रारंभ करें

**भिलाई।** राष्ट्रीय अनुसुचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतभिलाई इस्पात संयंत्र एससी/एसटी इम्प एसोसिएशन भिलाई के अध्यक्ष आनदं रामटेके के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्या से मुलाकात की। बीएसपी कार्यकारिणी अध्यक्ष दीनानाथ प्रसाद, महासचिव सतोषं कुमार ठाकुर, उपाध्यक्ष गोविन्द कन्नौजे, सहित कार्यकारिणी सदस्यों ने प्रतीत चिन्ह व शाल श्रीफल देकर सम्मान किया। एसोसिएशन के द्वारा प्रतिवेदन सौंप कर बीएसपी में कार्यरत एससीएसटी कर्मचारियों व अधिकारियों की समस्याओं की निदान की मांग की। टाउनशिप में डां. बाबा साहेब अम्बेडकर भवन में डां. आंबेडकर प्रतिमा का सौन्दर्यीकरण, अम्बेडकर ग्रंथालय का निर्माण कार्य जल्द शुरु किए जाने की मांग की।

**दिवस :** मितानिन दिवस पर जिला मुख्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में शामिल हुए सांसद

# जन्म देने वाली माता के समान हैं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व मितानिनें : सांसद नाग







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सांसद भोजराज नाग ने कहा कि माता सृष्टि एवं जगत का आधार है। उन्होंने कहा कि माता का स्थान संसार में सबसे अग्रणी एवं अत्यंत महत्वपूर्ण है। नाग आज संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में आयोजित बालोद जिले के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के जिला स्तरीय सम्मान समारोह के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। वे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री नाग ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं आंगनबाड़ी केन्द्र हमारे देश के भावी भविष्य नन्हें–मुन्हें बच्चों की परवरिश, उनका समुचित देखभाल एवं उन्हें शिक्षित एवं सुसंस्कृत करने का कार्य करती हैं। इसलिए उनका स्थान जन्म देने वाली माता के समान ही है। कार्यक्रम में विधायक गुण्डरदेही कुंवर सिंह निषाद, विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा उल्लेखनीय कार्य करने वाले आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं शॉल एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित भी किया गया।

सांसद नाग ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति में माता एवं मातृ शक्ति का स्थान सदैव महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने कहा कि माता परिवार का भरण पोषण करने के अलावा अपने समाजिक एवं अन्य उत्तरदायित्वों का भी पूरी निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ निर्वहन करती है। इसलिए माता का स्थान संसार में सर्वोच्च एवं आदरणीय है। इस अवसर पर जिले के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के उल्लेखनीय कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वित करने में महत्वपूर्ण योगदान : चंद्रवाल

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि हमारे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं का शासन के विभिन्न योजनाओं को धरातल में क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने में महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने कहा कि हमारे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं अपने विभागीय दायित्वों के निर्वहन के साथ–साथ विभिन्न शासकीय योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन के कार्य को पूरी निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ पूरा करते है। चन्द्रवाल ने कहा कि उनके इन्हीं महत्वपूर्ण कार्यों के फलस्वरूप आज उन्हें सम्मानित होने का अवसर प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर आभार प्रदर्शन जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन ने किया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं उपस्थित थी।

## परसाडीह (सु) में मितानिनों का हुआ सम्मान



**बालोद।** ग्राम पंचायत परसाडीह (सु) में मितानिन दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम की मितानिनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य व मितानिन कार्यक्रम की ब्लॉक समन्वयक चंद्रप्रभा सुधाकर थीं।

उन्होंने कहा कि मितानिन गांव के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वे लगातार 22 वर्षों से निःस्वार्थ सेवाएं दे रही हैं। छत्तीसगढ़ की मितानिन के कार्यों की प्रशंसा देश के बाहर विदेश में भी होती है। मितानिन कार्यक्रम की जिला समन्वयक शकुन दास ने कहा कि मितानिन कार्यक्रम से स्वास्थ्य सेवाओं तथा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को रोकने में मदद मिली है। कार्यक्रम से कई क्षेत्र में बहुत बड़ा बदलाव हुआ है। प्रदेश के दूरस्थ पहुंच विहीन क्षेत्र में भी स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में मितानिन मददगार बनी है। सरपंच व मितानिन पुष्पा साहू ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मितानिन का सम्मान करने से पंचायत उत्साहित है। मितानिन सम्मान दिवस पर मितानिन प्रशिक्षक केशव शर्मा, पंच विष्णु प्रसाद, नीलम मोहनमाला, भुवनेश्वरी, रीनू श्रीवास, शांति बाई, पूनम बाई, लीला बाई, पार्वती बाई, रामेश्वरी, कुसुंमबाई, डोमारसिंह ठाकुर, मितानिन तुमेश्वरी कौमारय, हेमलता मानिकपुरी उपस्थित थी। ग्राम पंचायत भेड़ी (सु), दुधली, मड़ियकटा, किसना, भीमपुरी मे मितानिनों, मितानिन प्रशिक्षक व स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक का सम्मान किया गया।

## जनपद सदस्य सीता ने किया मितानिनों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जनपद सदस्य सीता साहू ने मितानिन दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत बघमरा में 6 गांवों की मितानिनों को सम्मानित किया। उन्होंने मितानिनों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए प्रतीक चिन्ह और श्रीफल भेंट कर समाजहित में शत प्रतिशत समय देकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सीता साहू ने कहा कि मितानिनों द्वारा बच्चों को टीका लगाने से लेकर गर्भवती महिलाओं की देखरेख करने सहित पोषण आर संबंधी जानकारी देने का काम जिम्मेदारी से किया जाता है। इस अवसर पर ग्राम बघमरा, परेंगुड़ा, मेढ़की, ओरमा, खारथुली, भोथली और बालोद के लगभग 26 मितानिनों का सम्मान किया गया।

## बालोद में मितानिनों का राम कुमार-जमुना देवी यादव फाउन्डेशन ने किया सम्मान

**बालोद।** मितानीन दिवस के अवसर पर बालोद के सभी शहरी मितानिनों का सम्मान श्री राम कुमार जमुना देवी यादव फाउन्डेशन बालोद के तत्वावधान में आयोजक पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद् बालोद राकेश यादव एवं परिवार द्वारा किया गया।

मितानिनों के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि सांसद भोजराज नाग, यशवंत जैन, पार्षद कमलेश सोनी, भाजपा शहर महामंत्री संतोश कौशिक, शहर मंत्री सुनिता मनहर, कमलेश गौतम, रामस्वरूप यादव सहित फाउन्डेशन के सदस्य उपस्थित थे। शहर मितानीनो को श्री रामकुमार जमुना देवी यादव फाउडेशन बालोद की ओर से सम्मान स्वरूप भेट रजिस्टर, पेन एवं साड़ी प्रदान करते हुए मितानिनों के कार्यों की प्रशंसा की।

कार्यक्रम में शहरी मितानीन राधा कौशिक, छबि सार्वा, ज्योति सोनकर, भूकेश्वरी कोलियारा, चम्पी सिन्हा, संगीता साहू,





शिबालाल, श्वेता साहू, पुष्पा सोनी, राजेश्वरी राजपूत, रेखा यादव, हीराबती साहू, गंगा साहू, टोमिन साहू, शांति यादव, ममता साहू, योगेश्वरी साहू, गायत्री राजपूत, अनिता रावटे, कल्याणी मण्डावी, चित्ररेखा ध्रुव, रामेश्वरी यादव, अनुसुईया साहू, उशा साहू, किरण मेश्राम शहरी मितानिनों का सम्मान किया गया।

## ग्राम पंचायत टेकाढोडा में बनेगी सीसी सड़क, हुआ भूमिपूजन

**कुसुमकसा।** ग्राम पंचायत टेकाढोडा के मरईपारा में सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन मिथलेश निरोटी उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद के मुख्य अतिथि में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पवन मंडावी सरपंच ने की। विशेष अतिथि कुमान सिंह कुरेटी व पंचगण थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मिथलेश निरोटी ने कहा कि सरपंच सहित ग्रामीणों ने उक्त मार्ग पर आवागमन में हो रही परेशानियों से अवगत कराते हुए सीसी रोड की मांग की थी। आप सबकी मांग के अनुरूप पंद्रहवें वित्त योजना से पांच लाख रुपयों की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान की



गई है। उक्त सीसी रोड निर्माण होने पर मरईपारा के साथ-साथ ग्राम में आने जाने वालों को भी सुविधा मिलेगी। ग्राम के विकास के लिए आप सब के साथ मिलकर कार्य कराने की बात कही। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच, पंचगण, ग्रामीण महिला पुरूष ने सीसी रोड स्वीकृति कराने के लिए मिथलेश निरोटी का आभार व्यक्त किया।

## प्राथमिक शाला रानीतराई में होगी स्मार्ट पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

विकासखंड स्थित शासकीय प्राथमिक शाला रानीतराई कि. में लगातार सामाजिक सहयोग की मिसाल देखने को मिल रही है। शाला को मॉडल स्कूल का रूप देने के ग्रामीण व पालकों ने सहयोग राशि एकत्रित कर क्यारी निर्माण, पौधारोपण, पेवर ब्लॉक, स्कूल सामग्री खरीद, स्टील रैम्प निर्माण जैसे कार्य करवाया है। वहीं, अब रानीतराई कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा 21000 की कीमत वाला प्रोजेक्टर शाला को दान स्वरुप दिया गया है। शाला के प्रधान पाठक निर्मल दुबे ने बताया कि हमारी शाला को सामाजिक सहयोग लगातार प्राप्त हो रहा है। इससे पूर्व शाला में भौतिक संसाधनों की बहुत कमी थी, जिसे समाज को साथ जोड़कर पूरा करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। शाला प्रबंधन समिति के माध्यम से समाज में स्कूल के प्रति रुझान बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रोजेक्टर प्रदान करने के दौरान कर्मचारी प्रकोष्ठ परिवार से रेखधर सुकदेवे शिक्षक, तरुण गांवरे शिक्षक, गिरधारी मेढियारे शिक्षक, अमित प्रजापति, देवानंद तारेन्द्र, पुष्पा तुरकाने, डोमेश्वरी साहू उपस्थित रहे। प्रोजेक्टर दान करने के लिए शाला परिवार रानीतराई ने कर्मचारी प्रकोष्ठ परिवार रानीतराई का आभार जताया है।

### कर्मचारी प्रकोष्ठ रानीतराई ने प्रदान किया प्रोजेक्टर



### राकेश ने बीएसपी के ईडी का पदभार ग्रहण किया

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (प्रचालन) के रूप में राकेश कुमार ने शुक्रवार को अपना पदभार ग्रहण किया। ईडी अंजनी कुमार ने उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधकगण उपस्थित थे। पदभार ग्रहण करने के बाद श्री राकेश कुमार कार्यपालक निदेशक प्रभारी (वर्क्स) सभागार में विभाग प्रमुखों एवं वरिष्ठ अधिकारियों की आयोजित एक बैठक में भी शामिल हुए।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग – दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग – कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर – मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग – घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग – लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी–खांसी, स्वांस–दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

**40-45 साल पहले रेल की पांत व लकड़ी से बनाया गया था अस्थायी पुल**

# देवदहरा नदी पर बना पुल जर्जर, दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

देवदहरा नदी पर आमजनों के आवागमन के लिए बनाए गए अस्थायी पुल पर लोहे की शीट खराब हो जाने से हुए गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। वहीं, हमेशा गंभीर दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। बारहमासी बहने वाली उक्त नदी में लगभग 40-45 साल पहले कुसुमकसा रेलवे स्टेशन के कर्मचारियों ने ग्राम में आवागमन के लिए रेल लाइन से निकली रेलपांत व लकड़ी से अस्थाई पुल का निर्माण करवाया था। पुल पर लगी लकड़ी सड़ जाने के कारण पिछले पंचवर्षीय के दौरान ग्राम पंचायत की सरपंच पंवारा बाई कोठारी व पंचों ने सड़ी हुई लकड़ी को हटाकर लोहे की मोटी शीट लगवा दी थी। इससे उक्त मार्ग पर खेतों की ओर तथा रेल मार्ग से यात्रा करने कुसुमकसा सहित आसपास के लगभग 25 ग्रामों के ग्रामीणों को पुल की मरम्मत हो जाने से आवागमन में सुविधा मिलने लगी थी। उक्त पुल पर पदयात्रियों के साथ ही दो पहिया वाहन में सवार यात्री भी आसानी से गुजर जाते थे। लेकिन, इन दिनों उक्त पुल की स्थिति जर्जर हो गई है, जिसका जल्द संधारण नहीं किया गया, तो कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से उक्त नदी में शीघ्र ही पुल निर्माण की मांग की है। गौरतलब है कि कुसुमकसा के ग्रामीण विगत अनेक वर्षों से देवदहरा नदी में पुल निर्माण की मांग करते आ रहे हैं। उक्त मांगों के संदर्भ में सेतु विभाग द्वारा स्थल निरीक्षण भी किया गया, किंतु आज तक पुल निर्माण की दिशा में संतोष जनक परिणाम नहीं निकल पाया है।

### धान कटाई के कारण बढ़ गया ज्यादा भार

बता दें कि इन दिनों धान कटाई का कार्य जोरों पर है। इसके कारण ग्रामीण व किसानों को इस पुल से बार-बार आना-जाना पड़ रहा है। ग्रामीण कृषक इसी पुल से धान का भारा लेकर आ रहे हैं। इस तरह इस पुल पर दबाव बढ़ गया है। लेकिन, सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि पुल जर्जर हो गया है, ऐसे में हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।



### कुसुमकसा सहित आसपास के 25 गांवों के नागरिकों के लिए है उपयोगी

कुसुमकसा सहित समीपस्थ 25 ग्रामों के सैकड़ों ग्रामीण कुसुमकसा रेलवे स्टेशन से बालोद-दुर्ग-रायपुर सहित भानुप्रतापपुर अंतागढ़ आने-जाने के लिए ट्रेन का उपयोग करते हैं। स्टेशन आने-जाने के लिए इसी पुल का उपयोग करते हैं। रात्रि में अन्य स्टेशनों से कुसुमकसा आने वाले यात्रियों को उक्त पुल से गुजरने में काफी खतरा बना रहता है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025, 10 जनवरी से 22 जनवरी 2025
21 फरवरी से 05 मार्च 2025, 07 मार्च से 19 मार्च 2025,
11 अप्रैल से 23 अप्रैल 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशि:-स्लीपर 18500/- 3 एसी 25,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411